भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद

महाप्रबंधक कार्यालय (उत्तर मध्य रेलवे) के विपरीत, सूबेदारगंज रेलवे अस्पताल के बगल मे, सूबेदारगंज, इलाहाबाद- 211033

वेबसाईटः www.rrbald.gov.in & www.rrbald.nic.in दूरभाषः (0532) 2222585 फैक्स (0532) 2430472

केन्द्रीय रोजगार सूचना संख्या 05/2010
लिखित परीक्षा दिनांक 19.12.2010 को सम्पन्न होगी।

निम्नलिखित पद के लिए लिखित परीक्षा नीचे दर्शाये गये कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जायेगी।

क्र.सं.	पद का ना म	रोजगार सूचना सं0 एवं कोटि	परीक्षा का दिनांक एवं समय	शिफ्ट	डुप्लीकेट काल लेटर जारी करने का दिनांक एवं समय
1	सेक्शन इंजीनियर्स एवं जूनियर्स इंजीनियर्स (सभी कोटि)	रो.सू. सं0- 05/2010 सभी कोटि	19.12.2010 (रविवार) 11: 00 से 01: 00 बजे इलाहाबाद	सुबह	17.12.2010 10:00- 17:00 बजे रेलवे भर्ती बोर्ड कार्यालय।

अस्थाई रुप से पात्र समझे गये उम्मीदवारों को ऊपर अंकित कोटि की लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु काल लेटर में अंकित समय, परीक्षा केन्द्र आदि उनके प्रार्थना पत्र में दर्शाए गये पते पर भेज दिया गया है। जो अभ्यर्थी इसके पात्र नहीं समझे गये उन्हें भी अस्वीकरण पत्र भेज दिया गया है। डाक विलम्ब से पहुँचने एवं गलत पावती के लिए रेलवे बोर्ड जिम्मेदार नहीं होगा। यदि अस्थायी रुप से पात्र उम्मीदवारों को काल लेटर समय पर न मिल पाये अथवा काल लेटर में नाम, कोटि संख्या, पद, जाति, फोटोग्राफ एवं मुफ्त यात्रा अधिकार पत्र (अनु.जा., अनु.ज.जा) आदि में कोई त्रुटि हो तो **पैरा-15, केन्द्रीय रोजगार सूचना संख्या 05/2010** में दर्शाए गये **रेलवे भर्ती बोर्ड** के पते पर **10:00 से 17:00** तक व्यक्तिगत रुप से सम्पर्क करके डुप्लीकेट काल लेटर प्राप्त कर सकते हैं एवं संशोधित करा सकते हैं। अभ्यर्थी जमा किये गये प्रार्थना पत्र का प्रमाण, डी.डी./आइ.पी.ओ., दो पासपोर्ट साइज आकार का फोटोग्राफ, आयु प्रमाण, पहचान पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य ले आये।

लिखित परीक्षा के दिन कोई भी डुप्लीकेट/संशोधित काल लेटर जारी नहीं किया जायेगा। उम्मीदवारों को डुप्लीकेट काल लेटर प्राप्त करने के लिए की गयी यात्रा के सन्दर्भ में कोई निःशुल्क द्वितीय श्रेणी रेलवे पास जारी नहीं किया जायेगा। डुप्लीकेट काल लेटर पर कोई निः शुल्क यात्रा सुविधा भी नहीं मिलेगी।

अभ्यर्थी के प्रार्थना पत्र की स्थिति एवं अन्य विस्तारपूर्ण विवरण रेलवे भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद की वेबसाइट **www.rrbald.nic.in** एवं **www.rrbald.gov.in** एवं हेल्प लाइन टेलीफोन नं0 **0532-2222585** से प्राप्त की जा सकती है। यह भी सूचित करना है कि डुप्लीकेट काल लेटर उन्हीं अभ्यर्थियों को जारी किये जायेगें जिनका नाम मास्टर सूची के पात्र अभ्यर्थी के रुप में अंकित है।

आवश्यकः - उन अवांक्षनीय तत्वों से सावधान रहें जो अभ्यर्थियों को उनके चयन किये जाने एवं नौकरी दिलाने का झूठा एवं गलत आश्वासन दे कर भ्रमित करते हैं। रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण रुप से कम्प्यूटराइज्ड है तथा अभ्यर्थियों का चयन निष्पक्ष एवं पूर्ण रुप से उपयुक्त पात्र पर आधारित है।

दिनांकः 06/12/2010

अध्यक्ष

''ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ''